## संपादकीय

# हवाई सफर में पर्सनल क्यों हो गए ये लोग?

कोरोना के समय में लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट के बजाय निजी वाहनों में सफर करना ज्यादा सेफ लग रहा है। और यह बात जमीन तक ही सीमित नहीं है, आसमान का भी कुछ ऐसा ही हाल है! वे संपन्न लोग जो कोरोना से पहले कमर्शल एयरलाइंस के फर्स्ट या बिजनेस क्लास में सफर किया करते थे, अब प्लेन चार्टर यानी बुक करके जा रहे हैं। इसमें वे अपने परिवार, मित्रों या बिजनेस पार्टनर्स के साथ सफर कर रहे हैं। कई लोग ऐसा मजबूरी की वजह से कर रहे हैं क्योंकि कमर्शल ऑप्शन नहीं है, लेकिन एक बड़ा वर्ग सुरक्षा की वजह से चार्टर प्लेन की सेवा ले रहा है। पिछले साल दो महीने के लिए शेड्यूल्ड डोमेस्टिक फ्लाइटें बंद थीं। 25 मई, 2020 को जब फ्लाइटें खुलीं, तो भोपाल के एक परिवार ने निजी हवाई कंपनी का ए320 चार्टर किया, अपनी बेटी और पोतों को भोपाल से दिल्ली भेजने के लिए। वह परिवार कमर्शल फ्लाइट में इन्हें भेजकर कोविड-19 के इन्फेक्शन का जोखिम उठाने को तैयार नहीं था। मार्च, 2020 तक दुनिया के कई हिस्सों में कोरोना फैल चुका था। तब से हर दूसरे-तीसरे दिन हवाई सेवा के नियम-कानून बदल जाते हैं। किसी भी देश में केस बढ़ रहे होते हैं, तो वहां से आने वालों पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। पिछले मार्च में जब भारत ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बंद कर दीं, उस वक्त कई भारतीय विदेश में थे। उन्हें इस रोक पर अमल से पहले देश लौटना था। कमर्शल ऑप्शन न होने की वजह से उन्हें चार्टर प्लेन से लौटना पड़ा। पिछले साल दिसंबर में ब्रिटेन में कोरोना बहुत तेजी फैल रहा था, तब भारत ने वहां से आने वाली उड़ानें रोक दीं। बॉलिवुड के एक बहुत बड़े सितारे का परिवार उस समय लंदन में था। वह परिवार चार्टर प्लेन से मुंबई वापस आया, उस डेडलाइन से पहले, जिसके बाद ब्रिटेन से किसी फ्लाइट को आने की इजाजत नहीं थी। एक बड़ी चार्टर कंपनी जेटसेटगो एविएशन की सीईओ कनिका टेकरीवाल ने बताया कि पहले उन्हें रोज 30-40 रिक्वेस्ट बुकिंग के लिए मिलती थीं। इनमें ज्यादातर बिजनेस वालों की होती थीं। कनिका ने बताया कि अब यह संख्या 9-10 गुना बढ़ गई है। इनमें से ज्यादातर कस्टमर नए हैं। बिजनेस के साथ पर्सनल ट्रैवल के लिए भी मांग बढ़ी है। अमीर लोगों को अगर पर्सनल ट्रैवल के लिए कहीं जाना है तो वे पहले चार्टर प्लेन के बारे में सोचते हैं। इधर, एक और तब्दीली दिखी है। बिजनेस के लिए चार्टर प्लेन की मांग कम हुई है। यह बिजनेस मीटिंग के जूम जैसे माध्यमों पर शिफ्ट होने का असर है। पहले अधिकतर लोग बिजनेस ट्रैवल के लिए प्लेन बुक करते थे। अब ट्रेंड बदल रहा है और इसका असर पर्सनल ट्रैवल सेग्मेंट पर भी पड़ा है। इसके अलावा, जब-जब कोरोना का संक्रमण कम होता है, जो लोग इतने समय से घरों में बंद हैं, वे घूमना पसंद करते हैं। एक तरह का 'रिवेंज ट्रैवल' का कल्चर दिख रहा है। कोरोना के कारण घरों में बंद लोग अपने परिवार के साथ घूमने निकल रहे हैं। अमीर लोग खासतौर पर मॉलदीव, रूस, ग्रीस, नीदरलैंड्स और स्विट्जरलैंड घूमने जा रहे हैं। इन लोगों के बीच चार्टर प्लेन की काफी मांग है। कोरोना की दूसरी लहर के बाद कुछ ही देश हैं, जिन्होंने भारतीयों के अपने यहां आने पर पाबंदी हटाई है। कुछ देशों ने उन लोगों को आने की अनुमति दी है, जिनका पूरी तरह टीकाकरण हो चुका है। उधर, प्लेन पर चढ़ने के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट आज भी जरूरी है। अगर आपने टेस्ट नहीं करवाया है तो आप विदेश जाने वाले किसी हवाई जहाज पर सवार नहीं हो सकते। आपको यह भी बताते चलें कि चार्टर प्लेन पर अमीर लोग कितना पैसा खर्च कर रहे हैं। अगर कोई दिल्ली या मुंबई से दुबई जाने के लिए निजी हवाई जहाज बुक करता है तो उसे इसके लिए 37 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। मुंबई-लंदन-मुंबई के लिए यह खर्च 40 लाख और बेंगलुरु-सिंगापुर-बेंगलुरु के लिए 45 लाख रुपये है। यह खर्च प्लेन के साइज और आप उसे कितने वक्त के लिए बुक कर रहे हैं, इस पर भी निर्भर करता है।

*- सौरव सिन्हा*

# ऑस्ट्रेलिया को हराने में किसान की बेटी ने रचा इतिहास

**जालंधर।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार प्लेयर गुरजीत कौर ने टोक्यो ओलंपिक में नया इतिहास रच दिया है। गुरजीत कौर के गोल से भारत की महिला हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में सबको चौंकाते हुए ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में कदम रख दिया है।



जालंधर के प्रसिद्ध लायलपुर खालसा कॉलेज फॉर वूमेन की स्टूडेंट रही और अमृतसर के मियादी कलां गांव की रहने वाली 25 साल की गुरजीत के परिवार का हॉकी से कुछ लेना-देना नहीं था। गुरजीत कौर मूल रूप से अमृतसर की रहने वाली है, लेकिन खेलों का मक्का माने जाने वाले जिला जालंधर से उसका खास नाता रहा है। वह जालंधर के प्रसिद्ध लायलपुर खालसा कॉलेज फॉर वूमेन की स्टूडेंट रही है। गुरजीत कौर ने इस कॉलेज में बीए आर्ट्स में दाखिला लिया था और करीब 5 वर्षों तक कॉलेज की अकादमी में खेलती रही है। उनके पिता सतनाम सिंह के लिए तो बेटी की पढ़ाई ही सबसे पहले थी। गुरजीत और उनकी बहन प्रदीप ने शुरुआती शिक्षा गांव के पास के निजी स्कूल से ली। इसके बाद वे तरनतारन के कैरों गांव में एक बोर्डिंग स्कूल में पढ़ने गई। यहीं हॉकी के लिए उनका लगाव शुरू हुआ। वे लड़कियों को हॉकी खेलते देख प्रभावित हुई और उन्होंने इसमें हाथ आजमाने का फैसला किया।

दोनों बहनों ने जल्द ही खेल में महारत हासिल की और छात्रवृत्ति भी पाई। इसने उन्हें मुफ्त स्कूली शिक्षा और बोर्डिंग मिला। इसके बाद गुरजीत कौर ने जालंधर के लायलपुर खालसा कॉलेज से ग्रेजुएशन की। गुरजीत ने इस कॉलेज में बीए आर्ट्स में दाखिला लिया था और करीब 5 साल तक कॉलेज की अकादमी में वे खेलती रही है।

कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. नवजोत ने बताया कि कॉलेज को आज बहुत मान महसूस हो रहा है कि उनकी छात्रा ने ओलंपिक में देश का नाम रोशन किया है। अब वाहेगुरु से यही अरदास करते हैं कि भारतीय महिला हॉकी टीम देश के लिए गोल्ड मेडल जीते। महिला हॉकी खिलाड़ियों ने जो कर दिखाया है उससे पूरे कॉलेज में जश्न का माहौल बन गया है। कॉलेज की छात्राएं भी बहुत गर्व महसूस कर रही हैं।

डॉ. नवजोत ने कहा कि गुरजीत कौर को हर समय प्रैक्टिस को लेकर जुनून रहता था और उससे कभी छुट्टी कर मैदान नहीं छोड़ा। हर समय खेल अभ्यास को ही प्राथमिकता देती रही। इसी का नतीजा है कि उसने आज टोक्यो ओलंपिक में सबको चौंकाने वाला इतिहास रच दिया है। कॉलेज के हॉकी कोच कुलबीर सिंह सैनी ने कहा कि बहुत मान महसूस हो रहा है कि उनसे कोचिंग लेने वाली गुरजीत कौर ने आज देश का नाम ओलंपिक में चमकाया है। गुरजीत कौर अब तक करीब 53 इंटरनेशनल मैच खेल चुकी हैं।

## अवीवा इंडिया ने लॉन्च किया अवीवा फॉर्च्यून प्लस

**नई दिल्ली ।** निजी बीमा कंपनी अवीवा लाईफ इंश्योरेंस ने अवीवा फॉर्च्यून प्लस के लॉन्च की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह एक यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान है, जो निवेश पर दोहरे फायदे- संपत्ति निर्माण एवं इंश्योरेंस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह प्लान सात फंड विकल्प प्रस्तुत करता है और ग्राहकों को पॉलिसी को अपनी जरूरतों के अनुरूप अनुकूलित करने का लचीलापन प्रदान करता है, ताकि उन्हें लाईफ इंश्योरेंस के साथ अपनी बचत की वृद्धि करने का अवसर मिले और उनकी संपत्ति में वृद्धि हो।

अवीवा फॉर्च्यून प्लस ग्राहक को परिपच्तता के समय पॉलिसी अवधि में दिए गए कम से कम 100 प्रतिशत शुल्क की वापसी की विशेषता प्रस्तुत करता है। इस प्लान द्वारा ग्राहक पॉलिसी अवधि, प्रीमियम भुगतान की अवधि और प्रीमियम की राशि चुनकर अपने प्लान को अपनी जरूरत के अनुरूप डिज़ाइन कर सकते हैं, ताकि उन्हें सर्वाधिक फायदा मिले।

## बीमा कारोबार विधेयक में संशोधन से बीमधारकों को मिलेंगे बेहतर विकल्प

**नई दिल्ली।** सरकारी बीमा कंपनियों को कारोबार बढ़ाने और संसाधन जुटाने को आसान बनाने के मसकद से सरकार की तरफ से पेश किया गया साधारण बीमा कारोबार (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक 2021 लोकसभा से पारित हो गया। हालांकि, विपक्षी पार्टियां और कर्माचारी यूनियन इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि इस फैसले का विरोध क्यों किया जा रहा है और इस कदम से आम बीमाधारकों को क्या लाभ होगा?



आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ योगेंद्र कपूर ने कहा कि सरकार की तरफ से ये बेहद सकारात्मक दिशा में उठाया गया कदम है। इससे न सिर्फ कंपनियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी बल्कि आम ग्राहकों को भी ज्यादा सहूलियत वाले बीमा उत्पाद मिलने संभव हो सकेंगे। कंपनियों में नई तकनीक और बेहतर प्रबंधन से ग्राहकों के क्लेम सेटेलमेंट में भी सहूलियत बढ़ेगी। साथ ही कंपनियों के लिए आईपीओ और एफपीओ लाने का भी रास्ता साफ हो जाएगा जिससे इन कंपनियों के पास बाजार से रकम जुटाने का मौका होगा। वहीं इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर एफडीआई का भी फायदा होगा।

**विधेयक का विरोध क्यों?-** कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने विधेयक को जनविरोधी और राष्ट्रविरोधी करार देते हुए कहा कि सरकार सदियों पुरानी विरासत को बेच रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अधीर रंजन के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वह बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। सरकार इस विधेयक के माध्यम से किसी का हक नहीं छीन रही है। असत्य बोलकर जनता को गुमराह किया जा रहा है।

**निजी हिस्सेदारी बढ़ाने का रास्ता साफ-** देश में साधारण बीमा कारोबार (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक, 2021 के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों में निजी हिस्सेदारी बढ़ाने का रास्ता साफ हो जाएगा। ये उन सभी कंपनियों में हो सकेगा जहां सरकारअपनी हिस्सेदारी घटाकर 51 प्रतिशत से नीचे करना चाहती है। साथ ही कंपनी के प्रबंधन का नियंत्रण संभावित खरीदार को सौंपना चाहती है।

## एसबीआई समेत कई बैंकों ने अचानक ही बंद कर दिए हजारों ग्राहकों के अकाउंट, आरबीआई के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली।** अगर आपका बैंक में खाता हो तो यह जानकारी आपके भी काम की है। अगर आपका एसबीआई समेत अन्य बैंकों में खाता है तो आपके लिए यह जानना जरूरी है कि बैंकों ने लाखों ग्राहकों के अचानक ही खाते बंद कर दिए हैं और इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक अनुमान के अनुसार एसबीआई ने करीब 60,000 खातों को बंद कर दिया है और ऐसा रिजर्व बैंक के निर्देश पर किया गया है। बैंक के इस कदम से करंट अकाउंट बंद हो जाने से कई छोटे कारोबारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और अगर ग्राहक ने किसी दूसरे बैंक से लोन लिया है तो बैंक इन ग्राहकों के चालू खाता नहीं खोल सकते हैं। बैंकों द्वारा ऐसा किया जाने का कारण कैश फ्लो पर नजर रखना और फंड्स की हेराफेरी पर लगाम लगाना है, क्योंकि लोन लेने वाले ग्राहक कई बैंकों में चालू खाते खुलवाकर फंड्स की हेराफेरी कर रहे थे जिसकी वजह से आरबीआई ने इन सभी ग्राहकों के खाते को बंद करने का आदेश दिया है। इस संबंध में बैंकों ने ग्राहकों को ईमेल और मैसेज भेजकर इस बारे में जानकारी दे दी है तथा कहा है कि ग्राहक चाहे तो कैश, क्रेडिट और ओवरड्राफ्ट की सुविधा का फायदा ले सकते हैं।

## भारतीय हॉकी टीम का सपना टूटा, सेमीफाइनल में बेल्जियम ने 5-2 से हराया, पीएम मोदी ने बढ़ाया हौसला

**टोक्यो।** टोक्यो ओलंपिक में हॉकी के दूसरे सेमीफाइनल में भारत को बेल्जियम के हाथों हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन बेल्जियम ने भारतीय पुरूष हॉकी टीम को 5-2 से हराकर मुकाबला जीत लिया है, आखिरी क्वार्टर में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर बेल्जियम को मिले और हेंड्रिक्स ने इसे गोल में बदल दिया। जिसके बाद बेल्जियम ने भारत पर बढ़त हासिल कर ली।



बेल्जियम को पेनल्टी स्ट्रोक मिला और हेंड्रिक्स ने गोल दागकर हैट्रिक पूरी की, इसी के साथ बेल्जियम ने भारत पर 4-2 से बढ़त हासिल की थी। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ, जबकि शुरुआती दोनों क्वार्टर में दनादन गोल हुए, स्कोर 2-2 से बराबरी हो गया था। 38वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला था, मगर टीम फायदा नहीं उठा पाई।

भारतीय हॉकी टीम के पास अभी भी इतिहास रचने का मौका है, भारत ने 1980 के बाद से ओलंपिक में मेडल नहीं जीता है। अब वो ब्रॉन्ज के लिए खेलेगी। उसका सामना ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में से किसी एक से होगा।

**भारत को अपने खिलाड़ियों पर गर्व है : मोदी-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा है और देश को अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।

प्रधानमंत्री ने ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम को सेमीफाइनल मुकाबले में ब्राजील के साथ रोमांचक और कड़े संघर्ष वाले मैच ने मिली हार के बाद यह बात कही। मोदी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा, हार और जीत जीवन का हिस्सा होती है। हमारी हॉकी टीम ने ओलंपिक में अपना अच्छा प्रदर्शन किया और किसी बात का महत्व है। टीम को उसके अगले मैच के लिए शुभकामनाएं। भारत को अपने

## धोनी ने होमलेन में निवेश कर बने ब्रांड एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** होम इंटीरियर्स क्षेत्र की कंपनी होमलेन ने एक इच्छिटी पार्टनर और ब्रांड एम्बेसेडर के रुप में क्रिकेटर महेन्द्र सिंह धोनी के साथ तीन साल की रणनीतिक भागीदारी की है। कंपनी ने आज यहां बताया कि इस भागीदारी के एक भाग के तौर पर धोनी के पास होमलेन के शेयर होंगे। कैप्टन कूल कहलाने वाले धोनी होमलेन के पहले ब्रांड एम्बेसेडर होंगे और शुरु से लेकर अंत तक सबकुछ उपलब्ध कराने वाले इस होम इंटीरियर्स ब्रांड का समर्थन और विज्ञापन करने वाले पहले सेलिब्रिटी होंगे।

## बिग बॉस 15 के ओटीटी संस्करण में दिखेंगे करण नाथ

बिग बॉस टीवी का सबसे लोकप्रिय शो माना जाता है। बहुत जल्द बिग बॉस 15 का प्रसारण शुरू होने वाला है। फिलहाल बिग बॉस 15 के लिए कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। आए दिन इस शो से नए कलाकारों के नाम जुड़ रहे हैं। फैंस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म ये दिल आशिकाना से सुर्खियां बटोरने वाले अभिनेता करण नाथ बिग बॉस 15 का हिस्सा हो सकते हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक, करण नाथ को बिग बॉस 15 के ओटीटी संस्करण के लिए कास्ट किया गया है। सूत्र ने बताया कि इस शो के ओटीटी संस्करण के लिए मेकर्स ने करण नाथ के नाम पर अपनी मुहर लगा दी है। बिग बॉस 15 के साथ ही करण नाथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी एंट्री करेंगे। करीब एक दशक बाद उन्होंने गन्स ऑफ बनारस से फिल्मों में वापसी की थी। यह फिल्म फरवरी, 2020 में रिलीज हुई थी।

एक सूत्र ने कहा, करण नाथ को बिग बॉस के ओटीटी संस्करण के लिए एक प्रतियोगी के रूप में कन्फर्म किया जा चुका है। अभिनेता लंबे समय से निर्माताओं के साथ बातचीत कर रहे थे। अंततः वह शो का हिस्सा होंगे। करण नाथ के साथ शो के लिए कई कलाकारों के नाम चर्चा में चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि नेहा भसीन, दिव्या अग्रवाल, उर्फी जावेद, प्रतीक सहजपाल, नेहा मलिक और रोहित रेड्डी इस सीजन में दिखाई देंगे।

## हर किरदार ने मुझे कुछ न कुछ सिखाया:विद्या बालन

अपने दमदार अभिनय और भूमिकाओं से दर्शकों को हमेशा मंत्रमुग्ध करने वाली अभिनेत्री विद्या बालन ने इस बारे में खुल कर बात की है। वह कहती हैं कि अब तक उनके द्वारा निभाए गए हर किरदार ने उन्हें शिक्षित किया है और उनके लिए कुछ बदला है। जब से उन्होंने 2005 में परिणीता के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत की, विद्या ने भूल भुलैया, नो वन किल्ड जेसिका, द डर्टी पिक्च र, पा, कहानी, इश्किया, मिशन मंगल, तुम्हारी सुलु और शकुंतला देवी जैसी फिल्मों में अपने गतिशील चित्रण के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन किया है।



उनकी नवीनतम रिलीज शेरनी में उन्होंने एक ईमानदार वन अधिकारी की भूमिका निभाई हैं, जो पितृसत्तात्मक समाज द्वारा निर्धारित सामाजिक बाधाओं और अपने विभाग के भीतर अभावग्रस्त रवैये से जूझ रही है।

## आज का राशिफल

मेष: आज का दिन आपके लिए शुभ है। परिवारों के साथ स्नेहमिलन समारोह में उपस्थित रह सकते हैं।
वृष: शारीरिक तथा मानसिकरुप से आज आप व्यग्र रहेंगे। चिंताओं के कारण मानसिक भार रह सकता है।
मिथुन: व्यापारी वर्ग के लिए आज का दिन शुभफलदायी है। व्यापार में तथा आय में वृद्धि होगी।
कर्क: आज का दिन आपके लिए शुभ है। व्यापारियों के पर अधिकारी खुश रहेंगे। पदोन्नति का योग है।
सिंह: आज का दिन आलस्य तथा थकान में बीतेगा। उग्र स्वभाव में मानसिक रूप से व्यग्रता रहेगी।
कन्या: खान-पान में विशेष रूप से ध्यान रखें। आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।
तुला: आज सांसारिक जीवन का आनंद विशेषरुप से मना सकते हैं। छोटे से प्रवास का आयोजन होगा।
वृश्चिक: आज का दिन सब तरह से सुखमय बीतेगा। परिवारजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे।
धनु: आज क्रोध पर संयम रखें। किसी भी कार्य में सफलता न मिलने से निराशा आने की संभावना है।
मकर: आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। आज आपमें स्फूर्ति का अभाव रहेगा।
कुंभ: आज आपके मन से चिंता का भार हलका हो जाएगा। साथ में शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।
मीन: नकारात्मक विचारों को अपने मन से हटाएं। क्रोध और वाणी पर संयम बरतना होगा।

## कोकोनट हलवा है एकदम बेस्ट

कोकोनट हलवा का स्वाद इतना मजेदार होता है कि इसे एक बार खाने के बाद आपको दूसरे हलवे फीके लग सकते हैं। तो आइए जानते हैं फटाफट से इसे बनाने की रेसिपी।



### सामग्री :

1 ताजा नारियल, 1/4 कप कंडेंस्ड मिल्क, 2 कप दूध, 3-4 टेबलस्पून या स्वादानुसार चीनी, 4 टेबलस्पून शुद्ध घी, 1/2 टीस्पून छोटी इलायची पाउडर, थोड़े से ग्लेज्ड चेरी, बादाम, गुलाब की पंखुड़ियां और सिल्वर बॉल्स सजाने के लिए

### विधि :

सबसे पहले नारियल को छीलकर फोड़ लें। फिर उसके ऊपरी काले हिस्से को छीलकर अलग कर दें।

अब सफेद हिस्से को मिक्सी में पीस लें।

फिर एक नॉनस्टिक पैन में घी गर्म करें।

उसमें नारियल को 2-3 मिनट तक मीडियम आंच पर हलका सा भूनें।

ध्यान रहे नारियल भूनते समय उसका रंग नहीं बदले।

नारियल भूनने पर उसमें पहले कंडेंस्ड मिल्क, फिर दूध डालें और लगातार चलाते हुए मिश्रण को पकाएं। दूध जब गाढ़ा हो जाए तो उसमें चीनी और इलायची पाउडर डालें।


अब चीनी घुलने और मिश्रण गाढ़ा होने तक हलवे को पकाएं।

बोल में हलवा निकालें और ग्लेज्ड चेरी, सिल्वर बॉल्स, गुलाब की पंखुड़ियों और बादाम से गार्निश करें।

## शब्द सामर्थ्य- 160

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक159का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |

## सू-दोकू- 160

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.159 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |